कृपा कर दो कृपासिंधु ये सेवक द्वार आया है भजन लिरिक्स

कृपा कर दो कृपासिंधु,
ये सेवक द्वार आया है,
नज़र भर देख लो दाता,
यही अरदास लाया है,
कृपा कर दो कृपा सिंधु,
ये सेवक द्वार आया है।bd।

तर्ज – मुझे तेरी मोहब्बत का।

तेरा दास हूँ बाबा,
नहीं कोई पराया हूँ,
पड़ा हूँ तेरी चोखट पे,
पड़ा हूँ तेरी चोखट पे,
ज़माने का सताया हूँ,
मिला जो राह में राही,
वही ठोकर लगाया है,
नज़र भर देख लो दाता,
यही अरदास लाया है,
कृपा कर दो कृपा सिंधु,
ये सेवक द्वार आया है।bd।

जो खाई ठोकरें जग की,
तो पहुँचा द्वार तक तेरे,
ठिकाना मिल गया मुझको,
ठिकाना मिल गया मुझको,
सराहूँ भाग्य को मेरे,
मुक्कदर का सिकंदर हो,
जो तेरे पास आया है,
नज़र भर देख लो दाता,
यही अरदास लाया है,
कृपा कर दो कृपा सिंधु,
ये सेवक द्वार आया है।bd।

शरण में आ गया तेरी,
क्षमा कर दो खता मेरी,
कहाते हो पतित पावन,
कहाते हो पतित पावन,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के पाने के लिए मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

कहो किस बात की देरी,
करो उद्धार मेरा भी,
मुझे यूँ क्यों भुलाया है,
नज़र भर देख लो दाता,
यही अरदास लाया है,
कृपा कर दो कृपा सिंधु,
ये सेवक द्वार आया है।bd।

तेरा गुणगान करने का,
मुझे वरदान मिल जाए,
तेरे चरणों में 'बिन्नू' को,
तेरे चरणों में 'बिन्नू' को,
प्रभु अस्थान मिल जाए,
इसी के वास्ते मैंने,
यहाँ दामन फैलाया है,
Bhajan Diary Lyrics,
नज़र भर देख लो दाता,
यही अरदास लाया है,
कृपा कर दो कृपा सिंधु,
ये सेवक द्वार आया है।bd।

कृपा कर दो कृपासिंधु,
ये सेवक द्वार आया है,
नज़र भर देख लो दाता,
यही अरदास लाया है,
कृपा कर दो कृपा सिंधु,
ये सेवक द्वार आया है।bd।

Singer – Suraj Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com